ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-02-2025

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-02-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2025-02-22	2025-02-23	2025-02-24	2025-02-25	2025-02-26
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	28.0	29.0	30.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	13.0	14.0	15.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	20	19	16	14	12
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	40	29	28	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14	11	16	14	11
पवन दिशा (डिग्री)	35	75	96	143	220
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	2	2	2
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में धिकतम तापमान 28.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.0 से 16.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 11-16 किमी/घंटा रहने की संभावना है। आर्द्रता 40 से 12 प्रतिशत रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

कोई चेतावनी नहीं

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

दिन का तापमान सामान्य से अधिक होने से फसलों की पानी की आवश्यकता बढ़ सकती है। इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि फसलों, सब्जियों, फलों आदि में नमी की कमी के लक्षण दिखने पर समय पर सिंचाई करें।

सामान्य सलाहकार:

तापमान में वृद्धि के कारण कीट एंव रोग संक्रमण की सम्भावना रहती है इसलिए समय पर और प्रभावी प्रबंधन के लिए नियमित रूप से खेतो में निगरानी करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने और वर्षा नहीं होने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	समय पर बोयी गयी गेंहूं की फसल अभी दुधिया अवस्था में हैं और इस क्रांतिक अवस्था पर सिचांई करना अति आवश्यक है। खडी फसल में दीमक की रोकथाम हेतु क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. 4 लीटर प्रति हेक्टयर सिचांई के साथ दें।
सरसों	सरसों की फसल परिपक्वता के करीब या अभी भी परिपक्व अवस्था में हो सकती है, इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि जब फलियाँ पीली हो जाए और पत्तियाँ गिर जाएँ तो कटाई शुरू कर दें ताकि नुकसान से बचा जा सके।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	किसान भाई जीरे की फसल में बीज बनने की अवस्था पर हल्की सिंचाई करें। जीरे की फसल में फसल में एफिड कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ईसी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से या ऐसीफेट 75 एस.पी. 750 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
प्याज	इस मौसम में प्याज की फसल में थ्रिप्स के आक्रमण की निरंतर निगरानी करते रहें। कीट के पाये जाने पर कानफीड़ोर 0.5 मिली. 3 लीटर पानी किसी चिपकने वाले पदार्थ जैसे टीपोल आदि (1.0 ग्रा. प्रति एक लीटर घोल) में मिलाकर छिड़काव करें।
लौकी	लोकी की बुवाई करें बुवाई हेतु उन्नत किस्में:- पूसा समर, पूसा नवीन, पूसा मेघदूत, पंजाब कोमल। लोकी की बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। 60 किलो नत्रजन, 100 किलो फास्फोरस व 80 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय खेत में डालें।
मिर्च	मिर्च की फसल के लिए हरीपुर-रायपुर, आर.सी-1, मथानिया लोकल, पूसा ज्वाला व पंत सी-1 उन्नत किस्मों की पोधशाला में बुवाई करें। एक हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पौध तैयार करने हेतु एक से डेढ किलो बीज पर्याप्त रहता है। बुवाई से पूर्व 2 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओ को खुरपका मुहँपका रोग से बचाव का टीका लगवाएँ एवं पेट के कीड़े मारने की दवाई नियमित प से देवें। दुधा पशुओं को थनैला रोग से बचाने के उपाय करे।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

फसलों की पानी की आवश्यकता बढ़ सकती है।

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि फसलों, सब्जियों, फलों आदि में नमी की कमी के लक्षण दिखने पर समय पर सिंचाई करें।

Farmers are advised to download Unified “Mausam” and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details